वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेल - corp.pr@bankofbaroda.com**

स्थान: मुंबई तारीख: **26.02.2024**

प्रेस-विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए कार ऋण की ब्याज दर को घटाकर 8.75% किया

ऑफर संबंधी मुख्य बिंदु:

- प्रक्रिया शुल्क में छूट
- अनियत ब्याज दर पर कोई समय पूर्व-भुगतान शुल्क नहीं
- दैनिक घटते शेष पद्धति के आधार पर ब्याज की गणना
- 84 महीने तक की लंबी चुकौती अवधि

मुंबई, 26 फरवरी 2024: भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज कार ऋण के लिए अपनी ब्याज दरों में कमी की घोषणा की है, जो अब 8.75%* प्रति वर्ष (पहले 9.40%* प्रति वर्ष थी) से शुरू होगी। बड़ौदा कार ऋण के लिए अनियत ब्याज दर पर यह पेशकश सीमित अवधि के लिए की गई है जो 26 फरवरी, 2024 से शुरू होकर 31 मार्च, 2024 तक चालू रहेगी। बैंक 8.85%* प्रति वर्ष से शुरू होने वाली निश्चित ब्याज दर पर भी बड़ौदा कार ऋण पर प्रदान कर रहा है।

8.75% प्रति वर्ष से शुरू होने वाली नई दर उधारकर्ता की क्रेडिट प्रोफ़ाइल तथा नई कार की खरीद पर लागू होगी। इसके अतिरिक्त, उधारकर्ताओं द्वारा अनियत ब्याज दर विकल्प चुने जाने पर बैंक कोई समय पूर्व भुगतान प्रभारित नहीं कर रहा है और नियत और अनियत दोनों ब्याज दरों के विकल्पों पर प्रक्रिया शुल्क में छूट भी प्रदान कर रहा है।

इसके अलावा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा कार ऋण (नियत और अनियत दोनों) पर ब्याज की गणना दैनिक घटते शेष पद्धति के आधार पर की जा रही है जिससे यह उधारकर्ताओं के लिए और भी अधिक किफायती सिद्ध होगा। बैंक उधारकर्ताओं को 84 महीने तक की मासिक किस्तों (ईएमआई) की लंबी चुकौती अवधि का भी विकल्प उपलब्ध करवा रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री संजय मुदालियार ने कहा, "भारतीय अर्थव्यवस्था में संवहनीय वृद्धि, बढ़ती अपेक्षाओं और उपभोक्ताओं के भरोसे के आधार पर हम कार खरीद के क्षेत्र में मजबूत मांग को देख रहे हैं जिसके चलते जनवरी 2024 में यात्री वाहन की बिक्री उच्चतम स्तर पर रही। बैंक ऑफ़ बड़ौदा देश के अग्रणी कार ऋण प्रदाताओं में से एक है और ग्राहक बड़ौदा कार ऋण पर हमारे विशेष इयर एंड ऑफर्स का लाभ उठा उठाते हुए अपनी सपनों की कार के मालिक बन सकते हैं।"

आवेदक बैंक के डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म - बड़ौदा डिजिटल कार ऋण के माध्यम से बैंक की वेबसाइट पर डिजिटल रूप से या निकटतम बैंक शाखा में जाकर बैंक ऑफ बड़ौदा कार ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसका लाभ उठा सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा कार ऋण की मुख्य विशेषताएं

- सीमित अवधि के लिए बड़ौदा कार ऋण अनियत ब्याज दर पर 8.75% प्रति वर्ष से शुरू
- बड़ौदा कार ऋण नियत ब्याज दर पर 8.85% प्रति वर्ष से शुरू
- नियत और अनियत दोनों ब्याज दर के विकल्पों पर रियायती प्रक्रिया शुल्क

- अनियत ब्याज दर पर कोई समय पूर्व भुगतान/आंशिक भुगतान शुल्क नहीं
- दैनिक घटते शेष पद्धति पर ब्याज की गणना - उधारकर्ताओं के लिए सबसे किफ़ायती
- 84 महीने तक की चुकौती अवधि
- शीघ्र मंजूरी के साथ केवल कुछ ही चरणों में डिजिटल कार ऋण
- जो व्यक्तिगत ग्राहक अपने कार ऋण के लिए समूह क्रेडिट जीवन बीमा योजना का चयन नहीं करते हैं उनके लिए 0.05% का अतिरिक्त ब्याज लागू होगी ।

बैंक ऑफ बड़ौदा कार ऋण दरों के विवरण के लिए, यहाँ क्लिक करें।

* नियम एवं शर्तें लागू

About Bank of Baroda
Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank’s vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com